हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 4 जून 2025

तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री

न्यूनतम 23 .0 डिग्री



8 इंडस पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समाप्न



8 समर कैंप में विद्यार्थी सीख रहे योग-स्वीमिंग....

## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक काबू, पूछताछ जारी

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव सिंघाना से रामपुरा रोड पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से पिस्तौल बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआइए स्टाफ कर्मी गांव सिंघाना से रामपुरा रोड पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान रास्ते में एक युवक पुलिस को देखकर तेजी से चलने लगा। पुलिसकर्मियो ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया।

### मकान में घुसकर हमला करने का लगाया आरोप

**कैथल।** करोड़ा गांव में छह आरोपियों ने एक घर में घुसकर दो लोगों पर हमला कर दिया। हमले के आरोपियों ने एक युवक को शराब पीकर अपशब्द बोलने से रोका था। इससे गुस्से में आए आरोपियों ने एक व्यक्ति के सिर पर गंडासी मार दी, जिससे उसके सिर पर चोट लगी और वह बेहोश हो गया। उसे पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया है।

### राजमिस्त्री को युवती से दोस्ती करना पडा महंगा

**जींद।** राज मिस्त्री को फोन पर युवती से दोस्ती करना महंगा पड गया। जब तक मिस्त्री संभलता तब तक युवती उसे चार लाख का चूना लगा चुकी थी। साइबर थाना पुलिस ने राजमिस्त्री की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवपुरी कालोनी निवासी राज मिस्त्री अनिल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि सितंबर 2024 में उसके पास कॉल आई थी।

### मकान से पांच लाख के गहने और नकदी चुराई

**कैथल।** ढांड में मकान से चोरों ने पांच लाख के गहने और नकदी चोरी कर ली। मकान मालिक अपनी सहेली से मिलने के लिए शहर से बाहर थी। ढांड थाने में दी गई शिकायत में ढांड निवासी सीमा ने बताया कि वह माता तारों के साथ रहती है। एक जून को वह अपने दो बच्चों के साथ अपनी सहेली के घर पिहोवा गई थी और वहीं पर रुक गई थी।

### मां और बेटे पर हमला करने पर चार नामजद

**जींद।** गांव पदार्थखेड़ा में रजिशन मां व बेटे पर हमला कर घायल करने पर गढ़ी थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पदार्थखेड़ा निवासी जगदीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पातडा में काम करता है। गत दिवस वह अपने घर आया हुआ था।

### डोडा पोस्त छोड़ भागने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल स्टाफ ने फॉर्च्यूनर गाड़ी में 200 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त छोड़कर भागने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की टीम ने फॉर्च्यूनर गाड़ी में 200 किलो 800 ग्राम डोडा पोस्त छोड़कर भागने वाले आरोपी मोहल खेड़ा निवासी गुरमेल सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### कपड़े धोने निकली महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव सुंदरपुर बराह से कपड़े धोने की बात कह कर निकाली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुंदरपुर बराह निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि गत 30 मई को उसकी पत्नी घर से कपड़े धोने की बात कह कर घर से निकली थी।

### बाइक चोरी के दो मामलों में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए पुलिस ने बाइक चोरी के अलग-अलग दो मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बाइक चोरी के इस मामले में सीआईए-वन प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की टीम ने जांच करते बालू निवासी आरोपी सुनील कुमार को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया है।

# नागरिक अस्पताल में बायोमैट्रिक मशीन न चलने से अटकी हाजिरी, अधिकारियों-कर्मचारियों को उठानी पड़ी परेशानी

*मशीन की जांच करवाई तो इसमें नेट प्रॉब्लम मिली*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पातल में मंगलवार सुबह बायोमेट्रिक मशीन में तकनीकी खराबी आने के चलते कर्मियों तथा अधिकारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार सुबह जैसे ही कर्मचारी व अधिकारी हाजिरी लगाने के लिए इमरजेंसी वार्ड के पास लगाई गई बायोमेट्रिक मशीन के पास पहुंचे तो मशीन नही चली। जिसके चलते हाजिरी के लिए लंबी लाइनें लग गई। बाकायदा अधिकारी भी लाइनों में खड़े हो गए। मशीन की जांच करवाई तो इसमें नेट प्रॉब्लम मिली। जिसे तुरंत प्रभाव से ठीक करवाया गया। जिसके बाद हाजिरी व्यवस्था सुचारू हुई।

**बायोमेट्रिक तरीके से लगाते हैं हाजिरी**

नागरिक अस्पताल में अधिकारी व कर्मचारी बायोमेट्रिक तरीके से हाजिरी लगाते हैं। हाजिरी लगाने के लिए अस्पताल परिसर में प्वायंट निर्धारित कर आठ से दस बायोमेट्रिक मशीनें लगाई गई हैं लेकिन कर्मचारियों के हिसाब से यह मशीनें कम हैं। जिसकी डिमांड भी समय-समय पर की जाती है। कर्मचारी सबसे अधिक हाजिरी इमरजेंसी के निकट लगाई गई बायोमेट्रिक मशीन पर लगाते हैं। ऐसे में इस मशीन में तकनीकि खामी आ गई और हाजिरी नही लगी। तकनीशियन द्वारा मशीन की तकनीकी खामी ठीक किए जाने के बाद ही हाजिरी लग पाई।

**नेट प्रोब्लम के चलते आई परेशानी : सीएमओ**

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि सुबह के समय नेट की प्रोब्लम थी। जिसके चलते बायोमेट्रिक मशीन काम नही कर रही थी। तकनीशियन को बुला कर प्रॉब्लम को ठीक करवाया गया है। अब मशीन ठीक से काम कर रही है।



जींद। हाजिरी के लिए लाइन में लगे डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल व अन्य कर्मचारी।

**20 प्वायंटों पर मशीन लगने से कर्मचारियों को हाजिरी लगाने में नहीं होगी कोई परेशानी**





नागरिक अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों ने कहा कि अस्पताल में कम से कम 20 बायोमेट्रिक मशीनें हाजिरी के लिए लगाई जानी चाहिए। क्योंकि अस्तपाल का स्टाफ बहुत बड़ा है। जिसमें स्थायी कर्मचारियों के अलावा एचकेआरएनएल कर्मचारी भी शामिल हैं। तीन शिफ्टों में कर्मचारी यहां काम करते हैं। इसलिए 20 प्वायंट पर मशीनें लगने से कर्मचारियों को हाजिरी लगाने में कोई परेशानी नही होगी।

## जानलेवा हमला, फिरौती मांगने के दोनों बदमाश दबोचे

# जिला पुलिस ने व्यापारियों के जख्मों पर लगाई मरहम

*पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल, अस्तपाल में चल रहा इलाज*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीआईए स्टाफ ने गांव ईक्कस के निकट पुलिस मुठभेड़ के बाद जानलेवा हमला करने, फिरौती मांगने, फायरिंग कर दहशत फैलाने में वांछित बदमाशों को काबू कर आमजन में विश्वास बहाल करने तथा व्यापारियों के जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया है। पुलिस ने सीधा संदेश दिया है कि या तो बदमाश जिला छोड दे या बदमाशी छोड़ दें। अब वे बदमाशों के आका भी पुलिस राडार पर हैं, जिनका नाम लेकर कारोबारियों से फिरौती दोनो बदमाश मांग रहे थे। 27 मई को सिलसिलेवार घटना कर फैलाई थी दहशतः गत 27 मई को बाइक सवार दो बदमाशों ने गांव खटकड़ के निकट पाइप फैक्टरी में घुस कर कार्यालय पर फायरिंग की थी और फैक्टरी मालिक को फोन कर पचास लाख की फिरौती मांगी थी। जिसके बाद दोनों बदमाशों ने खटकड़ टोल प्लाजा पर मैनेजर के बारे में पूछ कर तीन फायर किए थे। जिसके बाद दोनों उचाना मंडी पहुंचे और खाद बीज विक्रेता की दुकान पर फायरिग की। इन घटनाओं से पहले जींद के व्यवसायी से भी पचास लाख की फिरौती मांगी थी। उसके शो रूम के फोटो भी आरोपितो ने लिए थे। हालांकि जींद के कारोबारी ने पुलिस को शिकायत नही दी थी। लेकिन अधिकारियों का जरूर बताया था।



जींद। घायल बदमाश को अस्तपाल लाए पुलिसकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

**डिप्टी स्पीकर से मिले थे कारोबारी**

घटना के बाद उचाना तथा जींद के व्यापारी डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा से मिले थे। इस बैठक में उचाना विधायक भी मौजूद रहे थे। व्यापारियों ने बदमाशों का इलाज बांधने की बात कही थी। बैठक में डिप्टी स्पीकर ने स्पष्ट किया था कि बदमाशों का हरियाणा में कोई स्थान नही है। या तो बदमाश बदमाशी छोड़ दें या हरियाणा छोड़ दें। जिस पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दोनों बदमाशों को मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। आरोपितों के खिलाफ थाना उचाना में पहले से तीन मामले हत्या का प्रयास व हवाई फायर करने के दर्ज है।

**पुलिस पर फयरिंग की**



डीएसपी उचाना संजय कुमार ने बताया कि सीआईए स्टाफ इंचार्ज मनीष कुमार ने सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की है। दोनों बदमाश गांव ईक्कस से भिवानी रोड बाईपास पर नहर पुल पर वाहन के इंतजार में खड़े हैं। जिनके पास अवैध हथियार भी हैं। जिस सूचना पर सीआईए जींद की टीम ने मौके पर पहुंच कर देखा तो दो युवक नहर के पुल पर खड़े दिखाई दिए। जो पुलिस की गाड़ी को देखकर गांव रामराये की तरफ जाने वाली नहर की पटरी पर भागने लगे। पुलिस की टीम ने गाड़ी को उनके पीछे लगाकर उनको काबू करने का प्रयास किया तो दोनों लड़कों में से एक ने पुलिस की गाड़ी नजदीक आती देखकर भागते-भागते पिछे मुड़कर अपने हाथ में लिए पिस्तौल से पुलिस पार्टी जान से मारने की नियत से सीधा फायर कर दिया। जिससे टीम के सदस्य बाल-बाल बच गए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# डीटीपी अमले ने अवैध निर्माण गिराए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सफीदों रोड पर बने अवैध निर्माणों को जिला नगर योजनाकार अमले ने मंगलवार को जेसीबी की सहायता से गिरा दिया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिसबल तथा ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार अंजू जून ने साफ चेताया कि अवैध रूप से निर्माणों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निर्माणों को लेकर जिला नगर योजनाकार ने निर्माण करने वाले लोगों को नोटिस भी जारी किए और अवैध रूप से किए गए निर्माणों को हटाने के बारे में कहा। बावजूद इसके अवैध निर्माण करने वाले लोगों ने अपने निर्माणों को नहीं हटाया। मंगलवार को जिला नगर योजनाकार अंजू जून विभागीय अमले, पुलिसबल के साथ जेसीबी लेकर सफीदों रोड पर पहुंचा और एक-एक कर सड़क के साथ कृषि योग्य जमीन पर बनाए गए कमर्शियल बिल्डिंग को गिरनाने का काम किया। गौरतलब है कि कई स्थानों पर सड़कों के साथ कृषि योग्य जमीन पर अवैध रूप से निर्माण किए गए हैं और अवैध रूप से कालोनियां काटी गई हैं। नियमानुसार कृषि योग्य जमीन को रिहायश में बदलने के लिए जिला नगर योजनाकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरूरी है। जिसके लिए सरकार द्वारा गाइड लाइन भी जारी की हुई है। बावजूद इसके नियमों को ताक में रखकर धड़ल्ले से अवैध रूप से निर्माण किए जा रहे हैं।



# सड़क पर ट्रक धंसने से घंटों तक लगा रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद

असंध मार्ग पर राजकीय वमावि के पास सड़क पर ट्रक धंसने से एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। ऑटो पलटने से भी चालक बाल बाल बचा। बाद में संबंधित विभाग ने जेसीबी मशीन से ट्रक को रास्ते से निकाला तब जाकर वाहन चालकों ने भरी गर्मी में राहत की सांस ली। राजौंद में मुख्य मार्ग पर चल रहे सीवरेज के पाइप बिछाने के कार्य को लेकर लोगों को आए दिन समस्या झेलनी पड़ रही है। रास्ता एक तरफ से बंद होने के कारण हर समय जाम लगा रहता है।



मंगलवार को सुबह 11 बजे के आसपास सरकारी स्कूल के सामने सड़क पर कच्चे में एक ट्रक धंस गया। जिससे वाहनों की लंबी लाइनें लग गई।भारी गर्मी में लोग वाहनों में ही बैठने को मजबूर रहे। लगभग 1 घंटे तक लगे इस जाम में लोगों को कई मुश्किलें झेलनी पड़ी।

### सात किलोग्राम चूरा पोस्त के साथ एक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव उझाना के निकट बाइक सवार युवक को काबू कर उसके कब्जे से सात किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिला थी कि गांव उझाना से गढ़ी रोड पर ढाबे के निकट नशीले पदार्थ के साथ बाइक सवार व्यक्ति खडा हुआ है। जो नशा बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर लिया। बाइक पर कोई नंबर प्लेट नही लगी हुई थी। जब बाइक पर टंगे थैले की तलाशी ली तो उसमे चूरा पोस्त पाया। जिसका वजन सात किलोग्राम पाया। पुलिस पूछताछ में व्यक्ति की पहचान गांव हरीपुरा जिला फतेहबाद निवासी सुभाष के रूप में हुई।

# कैथल: हनी ट्रैप की आरोपी महिला तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजी

- साथी आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

हनी ट्रैप करने के मामले में शहर थाना की पुलिस की ओर से 50 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार महिला व उसके साथी को मंगलवार दोपहर के समय सीजीएम विनोद कुमार की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने पुलिस को महिला आरोपी को तीन दिन का रिमांड दिया। जबकि उसके साथी आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला ने रुपयों के लालच में अपनी नाबालिग बेटी की आड़ में व्यक्ति को ब्लैकमेल करना शुरू किया। आरोपियों पर बीएनएस की 308 (2) और 308 (7) के तहत केस दर्ज किया था। यह है पूरा मामलाः जिस महिला को उसके साथी सहित शहर थाना की टीम ने गिरफ्तार किया है। उस महिला ने छह अप्रैल 2025 को अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इसमें महिला ने मार्च माह में उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। फिर आरोपी की पत्नी ने महिला पर उसके पति को रुपयों के लिए ब्लैकमेल करने की शहर थाना की पुलिस को शिकायत दी थी। इस पर कार्रवाई करते हुए शहर थाना की पुलिस टीम ने सोमवार शाम के समय शहर के चिल्ड्रेन पार्क से महिला व उसके दोस्त शहर निवासी सुशील को 50 हजार रुपये लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

# 85 लाख रुपये ठगी का आरोपित गिरफ्तार

- पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी करने के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी करने के नाम पर 85 लाख की ठगी करने के मामले में आरोपी काबू किया है। इस मामले में कैथल सदर थाना की पुलिस के एएसआई जयपाल सिंह की टीम ने जांच करते कलर भैणी जिला हिसार निवासी आरोपी रोहताश को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव खुराना निवासी दयाल चंद ने शिकायत दी थी कि उसका खनौरी रोड कैथल स्थित सत्या फिलिंग स्टेशन पर आना-जाना था। वहां उसकी दोस्ती



रोहताश से हुई थी जो हाल सनसिटी कैथल में रह रहा है। रोहताश ने बताया कि वह बात्ता स्थित देव दीप फिलिंग स्टेशन का मालिक है। 25 अगस्त, 2020 को रोहताश और अमन उसके घर आए थे। दोनों ने कहा कि उनके पंप पर तेल नहीं है जिसके लिए उन्हें पैसे चाहिए। उन्होंने उससे 15 लाख रुपये मांग और तेल में आधा कमीशन देने का लालच दिया। उनकी बातों में आकर उसने करीब 60 लाख रुपये अलग-अलग तारीखों में आरोपियों के खातों में भेज दिए थे। पैसे लेने के बाद भी उसे तेल बेचकर हुए लाभ का कोई हिस्सा नहीं दिया। सितंबर 2022 में तीनों आरोपी उसके घर आए और बोले कि उन्हें मकान बनाने के लिए पैसे चाहिए। वे उसे पेट्रोल पंप में हिस्सेदारी दे देंगे। पंप की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है। हमने 60 लाख रुपये पहले लिए हुए हैं और 21 लाख रुपये दे दो। उसने पैसे दे दिए और उसे पंप में चौथे हिस्से का मालिक बनाने पर सहमति हो गई। उसे बयाना भी लिख कर दिया गया था।

**पूछताछ जारी**

रजिस्ट्री उसके नाम करवाने के लिए अगस्त 2023 का समय दिया गया था। इसके बाद उससे करीब 2.50 लाख रुपए लिए गए थे। इसके पश्चात आरोपियों ने रजिस्ट्री करवाने की तारीख आगे बढ़ा दी। उसे बाद में पता लगा कि पंप 30 साल के लिए एचपी कंपनी ने लीज पर लिया हुआ है। यह रोहताश और अमन की संपत्ति नहीं है। वह अपने पैसे वापस लेने के लिए आरोपियों के घर गया तो उन्होंने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया। आरोपी को अदालत में किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।

**पहले दिन तीन बुखार पीड़ितों के टेस्ट, नही मिला कोई संक्रमित**

# नागरिक अस्पताल में कोरोना टेस्टिंग प्रारंभ

- लंबे समय से खांसी, जुखाम व बुखार से पीड़ितों के सैंपल लेने के दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

देश तथा प्रदेश में लगातार आ रहे कोरोना संक्रमण के मामलों को देखते जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मंगलवार से कोरोना की टैस्टिंग शुरू हुई। पहले दिन बुखार, खांसी व जुखाम से पीड़ित तीन मरीजों के कोरोना सैंपल लिए। इसमें तीनों की रिपोर्ट नेगेटिव मिली। फिलहाल जिले में कोरोना संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। पिछले लंबे समय से नागरिक अस्पताल में कोरोना संक्रमण की जांच के लिए किट नही थी। सोमवार को ही नागरिक अस्पताल में किट आई। इसके बाद मंगलवार को सीएमओ ने जांच के निर्देश दिए थे। निर्देशों में कहा गया था कि जिन मरीजों में कोरोना संक्रमण के लक्षण दिखाई दें। उनकी ही जांच करनी है। जांच चिकित्सकों के लिखने के बाद ही की जानी सुनिश्चित की गई। इसके अलावा जो लोग बिना चिकित्सक की राय के जांच करवाने आए। उनकी जांच नहीं करने के निर्देश दिए गए थे। मंगलवार को अस्पताल में कोरोना से संदिग्ध तीन ही मरीज सामने आए। जिसकी जांच करवाई गई। ऐसे में तीनों मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव मिली। अब स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली है। अस्पताल को 400 जांच किट उपलब्ध हुई थी। कोरोना संक्रमण को पूरी तरह से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने फ्लू कॉर्नर पर अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटियां लगाई है। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में ही मरीजों के लिए वेंटिलेटर और आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की गई है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग के निकट लैब के पास फ्लू कॉर्नर बनाया गया है। यह टेस्ट उन्हीं लोगों के किए जाएंगे। जिनमें कोरोना से संबंधित लक्षण दिखाई देते हैं। अगर कोई व्यक्ति सीधे तौर पर टेस्ट करवाने के लिए आएगा तो फिलहाल उसका टेस्ट नहीं किया जाएगा।



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए लाइन में लगे लोग।

# प्लाटों की नींव नहीं भरी होने से निर्माण के साथ टूट रही गलियां

- सीएम फ्लाइंग ने गली निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीएम फ्लाइंग ने मंगलवार को सोमनाथ मंदिर के आगे हांसी बांच नहर की तरफ कालोनी में बनाई गलियों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान गलियां निर्माण के साथ टूटी हुई मिली। जिसके पीछे मुख्य वजह प्लाटों का भरत न होना पाया। टीम ने निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि सोमनाथ मंदिर से आगे हांसी ब्रांच नहर के निकट काटी गई कालोनी में ब्लॉक की गलियां बनाई गई हैं। जो निर्माण के साथ टूटनी शुरू हो गई हैं। पूर्व में कालोनी के लोगों ने डीसी के सामने समस्या को रख गया था। सूचना के आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर बिजेंद्र सिंह, सतपाल, चरण की टीम का गठन किया। टीम ने कालोनी में पहुंच कर गलियों का निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत भी। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गलियां सिरे से टूटी हुई पाई गई। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि गली का भरत कर दिया गया लेकिन प्लाटों की नींव नही भरी गई। केवल वाल खींच दी गई। दबाव या बारिश के कारण गलियों की मिट्टी खिसकने से गलियां टूट रही है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान मंदिर में मुफ्त थेरेपी कैंप आज

जींद। उचाना के लितानी रोड स्थित हनुमान मंदिर में चार जून शाम को मुफ्त थेरेपी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेविका सुमन ने बताया कि आयुर्वेद के डा. जितेंद्र गिल कैंप में पहुंचेंगे। सभी प्रकार के असाध्य रोग जिनमें शुगर, बीपी, जोड़ों का दर्द, मसल्स पेन, एलर्जी, अस्थमा सांस आदि को बड़ी आसानी से थेरेपी के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर मुफ्त कैंप का लाभ लोग उठा सकते हैं।

### सीआरएसयू में किया साइक्लोथॉन का आयोजन

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद में एनसीसी के तत्वावधान में एक भव्य साइक्लोथॉन का आयोजन किया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। इस साइकिल रैली में विवि के एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण बचाओ व साइकिल चलाओ देश को प्रदुषणाहित बनाओ जैसे नारों के माध्यम से जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत विवि के कुलपति प्रो. आरपी सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई।

### संदिग्ध हालात में व्यक्ति लापता, लेनदारों पर आरोप

जींद। सफीदों के वार्ड 15 से व्यक्ति के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों के वार्ड 15 निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसका 35 वर्षीय पति घर से अचानक चला गया। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसके पति का कोई सुराग नही लगा। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति का आधा दर्जन लोगों के साथ रुपयो का लेन देन था।

### आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया छह से प्रारंभ

जींद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार नेबताया कि हरियाणा राज्य के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 के लिए दाखिला प्रक्रिया छह जून से 20 जून तक विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित की जाएगी। विद्यार्थियों को दाखिला प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संस्थान में चार हैल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। जहां पर आवेदक संस्थान में आकर फ्री ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं।

### तेलुगु भाषा सीखने में बच्चों ने दिखाया उत्साह

नरवाना। हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा में भारतीय भाषा समर कैंप का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की विविध भाषाओं से परिचित कराना और उनमें भाषाई क्षमताओं का विकास करना है। शिविर के पहले दिन की शुरुआत तेलुगु भाषा से हुई। प्राध्यापक बलजीत सिंह ने बच्चों को तेलुगु वर्णमाला का परिचय दिया।

### नौ जुलाई को होने वाली हड़ताल को लेकर मंथन

जींद। हरियाणा सर्व पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन उचाना ब्लॉक की मीटिंग हुई। अध्यक्षत प्रधान धर्मबीर मोर ने की। मीटिंग का मुख्य एजेंडा कर्मचारियों की समस्याओं को सुनना एवं नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल के बारे में कर्मचारियों को अवगत करवानाकर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट भी किया। मांगों के बारे में धर्मबीर मोर ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों को जब तक पक्का ना किया जाए तब तक समान काम समान वेतन दे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

जींद। सीजेएम मोनिका ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 12 जुलाई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद द्वारा जिला कोर्ट परिसर,उपमंडल स्तर पर नरवाना और सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त हर कार्यदिवस को लोक अदालत भी आयोजित की जाएगी। बताया कि आपसी समझौते से हल हो सकने वाले मामलों में राष्ट्रीय लोक अदालत कारगर सिद्ध हो रही है।

---

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में शिविर का दूसरा दिन

# समर कैंप में विद्यार्थी सीख रहे योग-स्वीमिंग, पब्लिक स्पीकिंग

**बच्चों को तैराकी के गुर भी सिखाए**

बच्चों ने स्वाभाविक रूप से आत्मविश्वास प्राप्त किया और जल में सहज होना सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यशाला में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों से जोडऩे के उद्देश्य से आज मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश शिविर के दूसरे दिन का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में कक्षा नर्सरी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। शिविर में बच्चों को योग, स्वीमिंग, पब्लिक स्पीकिंग, कंगन बनाना, कंप्यूटर कक्षाएं, अक्षर लेखन तथा रचनात्मक लेखन जैसे विविध और समृद्ध विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विद्यालय परिसर में प्रातः 8:00 बजे से शुरू होकर दोपहर 1:00 बजे तक चलने वाले इस शिविर का उद्देश्य न केवल छात्रों की छुट्टियों को मनोरंजन ही नहीं बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता का विकास करना भी है। शिविर की शुरुआत प्रतिदिन प्रातः योग सत्र से हुई। छात्रों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि योगासन सिखाए गए। इसके साथ ही ध्यान और प्राणायाम की महत्ता को सरल उदाहरणों द्वारा समझाया गया। स्कूल प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि यह मन की स्थिरता और एकाग्रता को भी बढ़ाता है। जो आज के डिजिटल युग में अत्यंत आवश्यक है। शिविर के दौरान बच्चों को तैराकी के गुर भी सिखाए गए। विद्यालय के स्वीमिंग पूल में प्रशिक्षकों द्वारा बेसिक वॉटर सेफ्टी, फ्लोटिंग, ब्रेथिंग टेक्निक, और फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रैस्ट स्ट्रोक जैसी तकनीकों का अभ्यास करवाया गया। छोटे बच्चों के लिए जल से भय को दूर करने हेतु खेलों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने स्वाभाविक रूप से आत्मविश्वास प्राप्त किया और जल में सहज होना सीखा। बच्चों को मंच पर बोलने का आत्मविश्वास प्रदान करने हेतु जनसंवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छात्रों को ध्वनि नियंत्रण, भाषा की स्पष्टता, मंच संचालन, विचार अभिव्यक्ति, तर्कशक्ति, आत्म अनुशासन तथा श्रोताओं से जुडऩे की कला सिखाई गई। छात्रों को पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प से जोड़ते चूड़ी निर्माण और सजावट की। छात्र व छात्राओं ने मोतियों, ग्लीटर, रंगीन धागों, कांच, शीप और रिबनों की सहायता से सुंदर-सुंदर डिजाइन तैयार किए। शिविर में बच्चों को माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, इंटरनेट की सुरक्षा, बेसिक प्रोग्रामिंग, डिजिटल डिजाइनए आदि चीजें सिखाई। शिविर में विज्ञान से संबंधित अम्ल क्षार प्रयोग के तहत रचनात्मक लेखन की कार्यशाला आयोजित की गई।

---

# धान की सीधी बिजाई किसानों के लिए फायदेमंद : डॉ. संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- किसानों से संवाद स्थापित करने गांव-गांव पहुंच रहे कृषि वैज्ञानिक

कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग जींद के तत्वावधान में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों की टीम द्वारा जिले के नौ गांवों में प्रतिदिन किसानों से मिल कर समस्याओं का जानने व निदान करने का काम किया जा रहा है। गौरतलब है कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार तथा भारतीय परिषद कृषि अनुसंधान, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार यह राष्ट्रव्यापी कृषि अभियान पूरे देश में चालू है। मंगलवार को गांव मांडो खेड़ी, खोखरी व बोहतावाला में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान करनाल के शस्य वैज्ञानिक डा. संदीप सिहाग ने धान की सीधी बिजाई की विस्तार से बताया कि ये किसानों के लिए फायदेमंद हो सकती है। बताया कि धान उत्पादन में हरियाणा अग्रणी राज्य है। ये प्रांत केंद्रीय भंडार में 28 लाख टन चावल का योगदान करता है। बीज के चयन, बीजोपचार, पौध तैयार करने, खरपतवार नियंत्रण की जानकारी दी। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल के वैज्ञानिक डा. मगन सिंह ने खरीफ सीजन की चारे की फसलों, उन्नत किस्मों, खेत की तैयारी, बिजाई के समय, निराई, सिंचाई, हानिकारक कीटों तथा बीमारियों से बचाव की जानकारी दी तथा डा. पी. बरनवाल ने पशुओं की देखभाल, दुग्ध उत्पादन बढाने, दूध से व्यंजन बना कर अपनी आजीविका के साधन बढ़ाने बारे में जानकारी दी।



जींद। शिविर में योग क्रियाएं करवाते हुए। फोटो :हरिभूमि

## योग प्रशिक्षण का किया आयोजन

जींद। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जगज्योत सिंह ने बताया कि डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी में एनसीसी कैडेट के बच्चों द्वारा योग प्रशिक्षण में भाग लिया और नियमित योगाभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर आयोजित हुआ है और इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सुधार में हर आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जगज्योत सिंह ने मंगलवार को सुबह योगाभ्यास करने उपरांत उपस्थित योग प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि 21 जून की सुबह पूरा जिला एक साथ दुनिया के साथ योग करेगा। योग को एक नियमित प्रक्रिया के तहत जीवन में अमल में लाना चाहिए। योग मनुष्य के शारीरिक व मानसिक विकास का आधार है।

### फायरमैनों ने मांगों को लेकर महानिदेशक को भेजा ज्ञापन

जींद। नपा संघ हरियाणा की जींद ईकाई ने मांगों को लेकर मंगलवार को फायर सेफ्टि विभाग के माध्यम से मंत्री विपुल गोयल, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन एवं निकाय विभाग के प्रधान सचिव, अग्निशमन विभाग के महानिदेशक को ज्ञापन भेजा। जिला प्रधान सुनील कुंडू के नेतृत्व में जींद जिले के सभी फायरमैन शहर के सफीदों गेट स्थित फायर स्टेशन पर एकत्रित हुए। जिला प्रधान ने सुनील कुंडू ने ज्ञापन में बताया कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगें काफी लंबे समय से अधुरी पड़ी हैं। सरकार उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। संघ अनेक बार मांगों को लेकर सरकार से बातचीत कर चुका है लेकिन सरकार की तरफ से उन्हें केवल आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष सात अगस्त 2024 को तत्कालीन निकाय मंत्री सुभाष सुधा की अध्यक्षता में संघ व सरकार के बीच मांगों को लेकर चंडीगढ़ में मीटिंग हुई थी और इस वार्ता में कर्मचारियों की कई अहम मांगों पर सहमती बनी थी लेकिन उसके बाद भी उनकी मांगों पर सरकार की तरफ से कोई अमल नहीं किया गया है।

---

### नवदीप ने 1507वां रैंक हासिल किया

नरवाना। नरवाना के एसडी पब्लिक स्कूल के छात्र नवदीप पुत्र सेवा सिंह ने जे ई ई एडवांस कैटेगरी की परीक्षा में 1507 वा रैंक हासिल कर स्कूल और नरवाना का नाम रोशन किया। स्कूल की प्राचार्या अनिता मलिक ने अपने सदेश में कहा कि स्कूल के छात्रों ने जे ई ई मेन और एडवांस 2025 की परीक्षा में 1 लाख 80 हजार छात्रों ने भाग लिया जिसमें स्कूल के छात्र नवदीप ने कैटगरी की परीक्षा मे1507 वा रैंक हासिल कर स्कूल और नरवाना शहर का नाम रोशन किया। प्राचार्या अनिता मलिक ने नवदीप को सम्मानित करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की? कामना की और उसके माता.पिता को भी बधाई दी।



नरवाना। नवदीप को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जुलाना नपा में हैल्पडेस्क पर नागरिकों को जानकारी देते कर्मचारी।

### जुलाना नपा में प्रारंभ किया हैल्पडेस्क

जुलाना। जुलाना कस्बे के नगर पालिका कार्यालय में नपा प्रशासन द्वारा हैल्पडेस्क की सुविधा शुरू की गई है। हैल्पडेस्क पर एक कर्मचारी की ड्युटी लगाई गई है। जो भी नागरिक नगरपालिका में किसी भी काम के लिए आएगा तो उसे कर्मचारी द्वारा जिस कमरे में उसकी समस्या के समाधान के लिए कर्मचारी बैठें होंगे उन्ही के पास भेजा जाएगा। नगरपालिका में अब नागरिकों को भटकरने से छुटकारा मिलेगा। जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा ने बताया कि नगरपालिका में किसी भी नागरिक को परेशानी नही आने दी जाएगी। नागरिकों की सुविधा के लिए हैल्पडेस्क बनाया गया है। हैल्पडेस्क पर सभी के नाम, मोबाइल नंबर के साथ समस्या भी कर्मचारी को लिखनी होगी। कर्मचारी को उसका समाधान करने की समय सीमा भी तय करनी होगी।

### रक्तदान शिविर का किया आयोजन

कैथल। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद भारतवर्ष में ऑपरेशन सिंदूर के तहत रक्तदान शिविर लगाया गया। जिला बार का भी इसमें विशेष सहयोग रहा। अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राणू अधिवक्ता ने बताया कि शिविर का उद्घाटन अशोक सिरसी प्रान्त महामंत्री, अशोक खूबड प्रान्त उपाध्यक्ष, रविन्द्र बुधवार एएजी उच्च न्यायालय पंजाब व हरियाणा चंडीगढ़ द्वारा किया गया। संदीप शर्मा अध्यक्ष डीबीए कैथल की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अधिवक्ता साथियों ने बढ़ चढ़ कर रक्तदान किया व देश की सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। दवेंद्र राणा महामंत्री, विशाल आर्य कोषाध्यक्ष, राजेश गोरसी, रमेश , सुरेंदर गोरसी प्रान्त टोली सदस्यगण, बलबीर, सचिन सचिव, धीरज, सुनील राणा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



कैथल। रक्तदान शिविर में रक्तदान करते अधिवक्ता व अन्य।



नरवाना। जांच करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### दनौदा चोंकी ने चलाया चेकिंग अभियान

नरवाना। उपमंडल नरवाना के गांव दनौदा की चोंकी द्वारा मंगलवार को चलाया गया रूटिंग चेकिंग अभियान। इस दौरान चोंकी इंचार्ज सुरेश बूरा ने बताया की आला अधिकारीयों के नेतृत्व में रूटिंग चेकिंग अभियान समय समय पर चलाया जाता है ताकि सुरक्षा का ध्यान रखा जाये। अभियान के दौरान आने जाने वाले वाहन की चेकिंग में वाहन मालिकों से कहा से आना व जाने तक की जानकारी ली जाती है व वाहन के कागजात चैक किये जाते है ताकि वाहनों की चोरी रोकी जा सके। मौके पर मौजूद एस पी ओ फौजी शमशेर सिंह व होमगार्ड अनूप व होमगार्ड सतीश दनौदा बाईपास नाके पर मौजूद रहे।

---



जींद। योग क्रियाएं करते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

### योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आगामी 21 जून को 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट इंटरनेशनली योगा डे एचआरवाय डॉट इन विशेष पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की है। नागरिक 9501131800 पर कॉल करके भी रजिस्ट्रेशन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि योग एक प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को जोड़ता है और दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए योग विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उपकरण के रूप में विकसित हुआ है। दैनिक जीवन में योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संबंध का प्रतीक है।

# जींदः यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल में निःशुल्क समर कैंप का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कैंप में योग क्रियाएं करते हुए बच्चे

यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल में 01 जून से शुरू हुआ समर कैंप सफलतापूर्वक और उत्साहपूर्वक संचालित किया जा रहा है। कैंप की खास बात ये है कि यह पूरी तरह से फ्री है। जिससे सभी बच्चों को लाभ मिल रहा है। कैंप के तहत बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न अतिरिक्त कौशल जैसे डांस, योग, आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक व कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये गतिविधियां बच्चों के रचनात्मक विकास को बढ़ावा दे रही हैं और उन्हें नई-नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित कर रही हैं। वहीं उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और मैथ्स की विशेष शैक्षणिक कक्षाएं चलाई जा रही हैं। साथ ही उन्हें राइटिंग स्किल्स और इंग्लिश स्पीकिंग का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक चुनौतियों के लिए पहले से तैयार हो सकें। इसके अतिरिक्त बच्चों की मानसिक और शारीरिक सक्रियता को ध्यान में रखते इंडोर और आउटडोर गेम्स की भी तैयारियां की जा रही हैं। प्राचार्य जतिन कथूरिया ने कहा कि हम बच्चों को केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं रखना चाहते बल्कि उन्हें विविध गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल भी सिखा रहे हैं।



जींद। बैठक में लिंगानुपात सुधार को लेकर दिशा-निर्देश देते स्वास्थ्यकर्मी।

### लिंगानुपात में सुधार के निर्देश

जींद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझाना के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप ढांडा नें उझाना सीएचसी में सभी स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक लेकर लिंगानुपात में सुधार को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कर्मियों से विचार सांझा कर कैसे लिंगानुपात में सुधार किया जाए, उस पर मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि समय पर गर्भवतियों का रजिस्ट्रेशन किया जाए व समय-समय पर उनका फॉलोअप किया जाए एवं गांवों में सामाजिक एवं प्रबुद्ध, जागरूक एवं मोजीज लोगों की सहायता से नुक्कड़ सभाएं एवं रैली निकाल कर जागरूक किया जाए। बेटा व बेटी में कोई फर्क नही जैसी बातें बता कर लिंगानुपात मे सुधार किया जा सकता है। इसके अलावा मलारिया, डेंगू आदि बीमारियों क बारे मे भी चर्चा की गई व इनके फैलने के तरीके, बचाव आदि के वारे मे विस्तार से चर्चा की गई।

---

**हर दिन बच्चों ने सीखी नई कला, बच्चों ने की जमकर मस्ती**

# इंडस पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समाप्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। कैंप गतिविधियों में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग जींद में समर कैंप का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। समर कैंप में बच्चों ने हर दिन कुछ नया सीखा और भरपूर आनंद लिया। इस समर कैंप में बच्चों के लिए रोजाना तरह-तरह की गतिविधियां आयोजित की गई। जिनमें कला, योगा, खेल, नृत्य और संगीत जैसी अनेक रुचिकर एक्टिविटीज शामिल थी। कैंप के दौरान विशेष रूप से फ्रूट पार्टी, भेलपुरी पार्टी और जूस पार्टी जैसे मनोरंजक आयोजन किए गए। जिनका बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। स्वादिष्ट और हेल्दी खाने के साथ-साथ बच्चों ने भेलपुरी बनाना जैसे कौशल भी सीखे। जिससे उनमें आत्मनिर्भरता और रचनात्मकता का विकास हुआ। कैंप के समापन समारोह में बच्चों की खुशियां देखते ही बनती थी। सभी बच्चों ने कहा कि यह समर कैंप उनके लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा और उन्होंने यहां बहुत कुछ सीखा और जमकर इंजॉय किया। समर कैंप न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का माध्यम बना बल्कि उनके भीतर छिपे प्रतिभा और कौशल को निखारने का एक शानदार मंच भी साबित हुआ। अंत में मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पिएं, पौष्टिक भोजन खाएं, परिवार के लोगों के साथ समय बिताएं और अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान दें।



जींद। कैंप गतिविधि में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने सीखे योग के गुर

जींद। सुप्रीम स्कूल के समर कैंप का दूसरा दिन ऊर्जा और रचनात्मकता से परिपूर्ण रहा। गर्मी की छुट्टियों में सीखने की ललक और प्रतिभा को निखारने की दिशा में यह कैंप एक सार्थक प्रयास बन कर सामने आ रहा है। दिन की शुरुआत प्रार्थना और योग सत्र के साथ हुई। जिसमें विद्यार्थियों ने तन-मन की एकाग्रता और सकारात्मकता का अभ्यास किया। इसके पश्चात बच्चों ने क्रमशः नृत्य, संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट, सुलेख, पब्लिक स्पीकिंग और मनोरंजक खेलों में भाग लिया। हर गतिविधि को बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ किया। जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह कैंप केवल मनोरंजन नही बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास का भी माध्यम बन रहा है। विद्यालय के प्राचार्य सत्येन्द्र त्रिपाठी ने अपने विचार साझा करते कहा कि हमारा उद्धेश्य है कि विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच मिले जहां वे खुलकर सोच सकें। सीख सकें और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकें। यह समर कैंप उनके भीतर नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सहयोग और आत्मनिर्भरता जैसे गुणों का विकास करने में सहायक सिद्ध हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**जींद।** गांव ढाकल में जल संरक्षण अभियान दूसरे दिन मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नरवाना से कनिष्ठ अभियंता कुशल पाल व खंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया। दूसरी तरफ गांव बीबीपुर में खंड समन्वयक दिनेश मालिक, सफीदों में बलवान सिंह ने रत्ताखेड़ा, जुलाना में सोमलता सैनी ने अनूपगढ़, पिल्लूखेड़ा में सुरेंद्र दुग्गल ने बूढ़ाखेड़ा व उचाना में गांव दुर्जनपुर में कुशल शर्मा ने अभियान चलाकर लोगो को नोटिस दिए। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि इस मौके पर आज टीम ने जिले में 457 घरों का सर्वे किया। जिसमें बिना टेप के 95 कनेक्शन व्यर्थ में पानी बहते मिले।

### राजौंद उप तहसील में बंद पड़े कार्य प्रारंभ

**राजौंद।** राजौंद उप तहसील कार्यालय में पिछले 3 दिन से बंद पड़े कार्य हुए शुरू लोगों ने ली राहत की सांस। राजौंद मुख्य मार्ग पर पाइप लाइन दबाने के दौरान केवल कट जाने से इंटरनेट सुविधा पिछले तीन दिन से बंद पड़ी थी। इंटरनेट की केबल कट जाने से उपतहसील कार्यालय में जमीन का पंजीकरण इंतकाल जमाबंदी फर्द, जमीन पंजीकरण व प्रमाण पत्र ,जाती प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र न बन पाने से युवा भटकते फिर रहे थे। सभी संबंधित कार्य पिछले तीन दिनो से बंद पड़े थे। तीन दिन तक कार्यो मे रूकावट आने से ही सोमवार को पूरी भीड़ लगी रही। उप तहसील कार्यालय में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर रामकरण ने बताया की तीन दिन के बाद सोमवार को इंटरनेट केबल जोड़ने से सभी कार्य शुरू हो गए है। अब किसी को भी किसी तरह कोई परेशानी नहीं हो रही ।

### चोरी के पशु व वारदात में प्रयुक्त गाड़ी बरामद

**कैथल।** बकरी चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा 4 आरोपियों को काबू किया गया। जिनसे पूछताछ दौरान जिला कैथल की 2 तथा करनाल से 3 वारदातों सहित पशु चोरी की 5 वारदाते सुलझाने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव सजूमा निवासी रामदिया की शिकायत अनुसार उसने कुराड़ रोड़ सजूमा पर पशु फार्म किया है, 29 मई को उसने पशु फार्म पर जाकर देखा तो वहां से 10 बकरी गायब हुई मिली। जो मैंने फार्म में लगे कैमरे चैक किया तो 4 अज्ञात व्यक्ति उसके फार्म से बकरियां चोरी कर ले गए।

### गांव किठाना में किसान गोष्ठी का आयोजन

**राजौंद।** किसानों की आमदनी बढ़ाने और खेती को एक लाभकारी व्यवसाय में बदलने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत राजौंद ब्लॉक के गांव किठाना में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीजों, फसल विविधीकरण और वैज्ञानिक खेती के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि, बागवानी, पशुपालन व मत्स्यपालन जैसे विषयों को भी शामिल किया गया। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि किस प्रकार किसान मेहनत और तकनीक के मेल से खेती को लाभकारी बना सकते हैं।

### आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन छह से : शमशेर

**पूंडरी।** प्रदेश में दसवीं और बारहवीं का रिजल्ट जारी हो चूका है व आईटीआई में करियर देखने वाले छात्र-छात्राओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 6 जून से शुरू हो रही है। आईटीआई में दाखिले हेतू इच्छुक विद्याथी पर 20 तक आवेदन कर सकते है। नोटिफिकेशन के अनुसार दाखिले का शेड्यूल वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा जिस के लिए नियमित वेबसाइट पर विजिट करते रहें।

## विकास की महक सभी वार्डों में नही पहुंच रही

# कलायत नगर पालिका सबका साथ सबका विकास नारे से दूर

- चुनाव के बाद पहली टेंडर आमंत्रित सूची में 16 में से 12 वार्डों को केवल रिपेयर कार्य से करना होगा संतोष
- लंबे समय से सरकार की महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के शुरू होने की राह तक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

प्रदेश सरकार द्वारा शहरी विकास को गति देने के लिए उठाए जा रहे प्रभावी कदमों से कलायत नगर पालिका प्रशासन फिलहाल दूर नजर आ रहा है। यही वजह है कि शहरी विकास का दावा करते हुए करीब 88 लाख रुपए के जो सात टेंडर आमंत्रित किए गए हैं उससे विकास की महक सभी वार्डों में नहीं पहुंच पाएगी। कुल 16 वार्डों के रिपेयर के लिए 41 लाख 91 हजार रुपए की राशि व्यय करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मायने से प्रत्येक वार्ड को औसतन 2 लाख 62 हजार रुपए के रिपेयर कार्य से विकास की उम्मीद रखनी होगी। अकेले नगर पालिका कार्यालय परिसर में 11 लाख 28 हजार रुपए के बजट से ब्लाक्स लगाए जाएंगे। नगरपालिका द्वारा जो सात टेंडर आमंत्रित किए गए हैं वार्ड दो में केडी शर्मा के कृषि फार्म के सामने 8 लाख 63 हजार व वार्ड 8 में राजबीर एमसी से रामचंद्र की चक्की तक 5 लाख 22 हजार रुपए एक गली निर्माण करने का कार्य शामिल है। जबकि वार्ड 16 की नायक कालोनी में मुख्य एवं ब्रांच गलियों के निर्माण केवल 8 लाख 64 हजार रुपए व्यय होंगे।



**कलायत।** अधर में लटका भगवान परशुराम सामुदायिक भवन निर्माण कार्य व कलायत शहर के विभिन्न वार्डों में अधूरे पड़े गली निर्माण कार्य। फोटो :हरिभूमि

### सरकार की नीति अनुसार क्यों नहीं दी जा रही विकास कार्यों को गति

नगर पालिका आम चुनाव के बाद करोड़ों रुपए के विकास कार्य शुरू होने की इंतजार लोगों को रही है। ऐसा हो भी क्यों न प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ सबका विकास का नारा देते हुए शहर के विकास के लिए जारी करोड़ों रुपए बजट दिया गया है। इसमें प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा द्वारा दी गई विकास की योजनाएं भी शामिल हैं। इसी तरह सांसद नवीन जिंदल उठाए जा रहे कदमों को रफ्तार देने की गतिविधियां सरकारी स्तर पर धीमी हैं।

### नोटिस जारी होने के बाद भी कार्य में रुचि नहीं ले रही एजेंसियां

शहर में ऐसे विकास कार्य भी शामिल हैं जिनको शुरू करने बीच में लटका दिया गया है। एजेंसियां नपा के नोटिस जारी के होने के बाद भी काम शुरू करने में रुचि नहीं ले रही। इसी तरह आम चुनाव के बाद पालिका द्वारा पहली बार आमंत्रित किए गए टेंडर में समग्र एवं समानांतर विकास का लक्ष्य कहीं नजर नजर नहीं आ रहा। इसमें न तो विभिन्न वर्गों के विकास से जुड़ी कोई महत्वपूर्ण बड़ी योजना है और न ही सौंदर्यकरण का कोई कार्य।

### विकास मामले में संपूर्ण शहर का रखा जाएगा ख्याल: सचिव

पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि प्रक्रिया अनुसार विभिन्न सात निर्माण कार्यों के लिए करीब 88 लाख रुपए के टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। पारदर्शिता से इस प्रक्रिया से गुजरते हुए विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। इस क्रम में प्राथमिकता के आधार पर अन्य विकास कार्यों के टेंडर भी लगाए जाएंगे। विकास के मामले में संपूर्ण शहर का ख्याल रखा जाएगा।

बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत

# जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में भारतीय भाषा शिविर का पहला दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल, कैथल में ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका पहला दिन बहुत ही उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस भारतीय भाषा कैंप में लैंग्वेज अध्यापकों ने बच्चों को बेसिक अभिवादन और देशभक्ति स्लोगन के बारे में बताया, जिससे उनमें देश के प्रति भावनाएँ जागृत हुईं। हिंदी अध्यापिकाएँ श्रीमती सुमन चहल, श्रीमती सुमन रवीश, श्रीमती संतरो देवी, संस्कृत शिक्षिका श्रीमती मीना कुमारी, अंग्रेजी अध्यापिका श्रीमती कुसुम लता और पंजाबी अध्यापिका श्रीमती अमरजीत कौर/श्रीमती उषा ने अपनी-अपनी भाषाओं के महत्व और उपयोग के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

प्रधानाचार्य महोदय श्री पंकज गुप्ता ने बच्चों को इस भारतीय भाषा कैंप के महत्व और उद्देश्य के बारे में बताया और उन्हें कैंप में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपनी रचनात्मकता को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने न केवल भाषाओं के महत्व को समझा, बल्कि देशभक्ति की भावना भी जागृत हुई, जो उनके भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहलू होगी।



**कैथल।** शिविर के दौरान जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

# पशु पालन व कृषि विभाग के वैज्ञानिकों ने किसानों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

फतेहपुर में आज पशु पालन विभाग और कृषि विभाग की ओर से एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को कृषि और पशुपालन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर गांव के सरपंच सोहनलाल वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने विभागीय अधिकारियों का स्वागत करते हुए ग्रामीणों से इस प्रकार के कार्यक्रमों का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पशु पालन विभाग और कृषि विभाग के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने कहा सरकार की अनेक योजनाएं आज किसानों और पशुपालकों के लिए संचालित की जा रही हैं, जिनका सही उपयोग करके ग्रामीण अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। आधुनिक खेती, पशुओं की देखभाल, टीकाकरण, चारा प्रबंधन, डेयरी योजनाओं और प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर सभी को जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को बताया कि किस प्रकार वैज्ञानिक तरीकों से खेती और पशुपालन करके वे पारंपरिक तरीकों की तुलना में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।



**पूंडरी।** गांव फतेहपुर में शिविर के दौरान सरपंच सोहनलाल वर्मा व वैज्ञानिक।

# आईआईटी जेईई एडवांस परीक्षा में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गत दिवस जेईई एडवांस के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर आयोजित इस परीक्षा में छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक, तेजल पुत्री विजयचंद ने 2542वीं एवं आदित्य पुत्र जयपाल सिंह ने 2592वीं रैंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आयुष तिवारी ने 2867वीं रैंक, कल्पना ने 3688वीं रैंक, करिश्मा ने 3747वीं रैंक, हिमांशी ने 3988वीं रैंक, तनुजपाल ने 4619वीं रैंक, इरफान ने 5117वीं रैंक, निखिल शर्मा ने 5269वीं रैंक, अभिनव कुमार ने 6816वीं रैंक, मानविक कुमार गुप्ता ने 9456वीं रैंक, निष्ठा ने 9695वीं रैंक सहित अन्य विद्यार्थियों कुणाल, अभिषेक, भविष्य, सोनाक्षी, कमल, समीक्षा, हर्षित, मनोज, सोनम चौहान, अजय कुमार, पवन शर्मा, विजयपाल, हरकेश, रीतु कुमारी, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने भी अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने करने में सफलता प्राप्त की। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्राप्त कर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करेंगे।



आदित्य अतुल तेजल

रेडक्रॉस सोसायटी ने लगाया कैंप

# 289 दिव्यांगजनों को वितरित किए 621 सहायक उपकरण-आधुनिक कृत्रिम अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यालय में मंगलवार को दिव्यांगों के लिए उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डीसी प्रीति ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डीसी प्रीति ने इस अवसर पर 289 दिव्यांगजनों को 621 सहायक उपकरण एवं आधुनिक कृत्रिम अंग वितरित किए। इसमें 69 मोटराइज्ड ति-पहिया साइकिलें, 62 ति-पहिया साइकिलें, 64 श्रवण यंत्र, 31 व्हील चेयर एव अन्य आधुनिक कृत्रिम अंग शामिल रहे। डीसी प्रीति ने कहा कि अगर जज्बा और जुनून हो तो व्यक्ति सफलता हासिल करने के लिए दिव्यांगता को भी मात दे सकता है। आज ओलंपिक सहित अन्य खेलों में दिव्यांग अपनी प्रतिभा का खूब प्रदर्शन कर रहे हैं और पदक लेकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसलिए दिव्यांगता को अपनी कमजोरी न समझें, बल्कि हिम्मत और हौंसले के साथ जीवन में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि एक दिव्यांग व्यक्ति अपने जीवन में एक सामान्य व्यक्ति की तरह ही अपना जीवन यापन करने के लिए सक्षम है। वह अपने ज्ञान, कौशल एवं प्रतिभा के बल पर सफ लता हासिल कर सकता है तथा देश के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन सकता है। दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें हौंसला, सुविधा और अवसर प्रदान करवाने की जरूरत है। सरकार व जिला प्रशासन की ओर से यह कार्य बखूबी किया जा रहा है। हम दिव्यांगजनों की सहायता के लिए हमेशा तैयार हैं। सरकार हर जरूरतमंद की सहायता कर रही है, उन्हें सहायक उपकरण एवं आधुनिक कृत्रिम अंग प्रदान किए।



डीसी प्रीति दिव्यांगों को सहायक उपकरण सौपते।



# छात्र अस्मित टाया ने जेईई एडवांस में हासिल की शानदार सफलता

**पूंडरी।** श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल फतेहपुर-पूंडरी के छात्र अस्मित टाया ने जे.ई.ई. एडवांस परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अस्मित ने उच्च रैंक प्राप्त कर इस प्रतिष्ठित परीक्षा को सफलतापूर्वक पास किया, जिससे स्कूल प्रांगण में हर्ष और उल्लास का वातावरण है। इस शानदार उपलब्धि का श्रेय अस्मित ने अपने अभिभावकों और विद्यालय के समस्त शिक्षकों को दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग ही उनकी सफलता की असली पूंजी है। गौरतलब है कि अस्मित टाया के बड़े भाई आर्यन टाया भी श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल के छात्र रह चुके हैं, जिन्होंने नीट परीक्षा पास की थी और वर्तमान में पटियाला में एम.बी.बी.एस. की पढ़ाई कर रहे हैं। इस उपलब्धि ने परिवार और विद्यालय दोनों के लिए गौरव का क्षण पैदा किया है। विद्यालय प्रबंधक दीपक वालिया ने अस्मित की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके अभिभावकों व समस्त स्टाफ को बधाई दी।

# धर्मशाला पर ताला लगाने के विरोध में भड़का कश्यप समाज, नपा के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

कश्यप धर्मशाला के गेट पर नपा द्वारा ताला लगाए जाने के विरोध में कश्यप समाज के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया। समाज के दर्जनों लोगों ने पहले धर्मशाला के सामने और फिर नपा कार्यालय पहुंचकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। स्थिति तनावपूर्ण होती देख नपा प्रशासन ने धर्मशाला का ताला खोल दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। कश्यप समाज के प्रधान राजकुमार कश्यप ने जानकारी देते बताया कि ये धर्मशाला वर्ष 1984 में तत्कालीन विधायक चौधरी ईश्वर सिंह द्वारा दी गई भूमि पर समाज के लोगों के सहयोग से चंदा इकट्ठा कर बनाई थी। यह धर्मशाला न केवल कश्यप समाज बल्कि 36 बिरादरी के लोगों के लिए सामाजिक, धार्मिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए उपयोग में लाई जाती है। राजकुमार कश्यप ने आरोप लगाया कि धर्मशाला के पास रहने वाला एक व्यक्ति, जिसने स्वयं पालिका की जमीन पर अवैध निर्माण कर रखा है, बार-बार पालिका में शिकायत करता है कि यह धर्मशाला नगरपालिका की संपत्ति है।



**पूंडरी।** प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते कश्यप समाज के लोग।

### हम कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई कर रहे

नपा सचिव नरेश कुमार ने बताया कि धर्मशाला नगरपालिका की मलकियत में है। हम कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई कर रहे हैं। अगर किसी की भी शिकायत आती है तो उस पर पालिका को कार्रवाई करनी होती है।



### लोगों को मलेरिया-डेंगू के प्रति किया जागरूक

**अलेवा।** स्वास्थ्य विभाग की छह टीमों ने पीएचसी नगूरां के अधीन चांदपुर उप स्वास्थ्य केंद्र और हसनपुर गांव में लोगों को डेंगू तथा मलेरिया के प्रति जागरूक किया। टीम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस दौरान टीमों ने नुक्कड़ सभा व पंपलेट के माध्यम से दूषित जल को हटाना है, डेंगू से सबको बचाना है नामक स्लोगनों से लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि इस दौरान टीम ने 650 घरों का सर्वे करने के अलावा तथा बुखार संभावित 36 लोगों की रक्त पटिकाएं बनाई तथा गंदे पानी की नालियों में काला तेल डाला। स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बताया कि इस दौरान टीम ने होदी, कूलर, फ्रीज की ट्रे, टायर, गमला, पक्षियों के पीने के पानी के कटोरे, छत पर पड़े नारियल के खोल, प्लास्टिक की बोतल आदि की जांच की। लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि घर के आसपास गंदगी और पानी इक्कठा न होने दें। घरों की खिड़कियों पर जाली लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। सप्ताह में संडे को ड्राई डे के रूप में मनाते हुए होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे और छतों पर पड़े कबाड़ की सफाई करें। बुखार होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त पटिकाएं बनाएं। रात के सोते समय पूरी बाजू के कपड़े और मच्छर नाशक क्रीम का प्रयोग करें। यही नहीं इस दौरान सरपंचों को भी फोगिंग मशीन की रिपेयरिंग करवाने के निर्देश दिए(

**कार्यक्रम** जाट हाई स्कूल सोसायटी की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

# संस्था में नए आयाम स्थापित करेंगे: बेनीवाल

- जाट हाई स्कूल का अनुभव मेरे लिए विशेष तोहफा: बाबूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट हाई स्कूल सोसायटी की नवनियुक्त कार्यकारिणी ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया।

प्रधान राजकुमार बेनीवाल उप प्रधान बलविंदर बनवाला, सचिव रशमी ढुल, कैशियर बलकार ने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि अगले कार्यकाल में संस्था को नए कोर्स, डिप्लोमा और नए पुस्तकालय आदि लेकर आने का प्रयास करेंगे। हम पूरे समाज के सम्मानित लोगों के साथ मिलकर संस्था को आगे बढ़ने का काम करेंगे। किसी भी प्रकार की कोई द्वेष भावना से नहीं होगी। सभी स्टाफ कर्मचारियों और सभी समाज के लोगों को इसमें सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम समय-समय पर समाज के प्रबुद्ध लोगों का आशीर्वाद व सहयोग आदि लेते रहेंगे।



**कैथल।** नवनियुक्त कार्यकारिणी निवर्तमान प्रशासक अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### बतौर प्रशासक एडीसी ने बढ़ाया जाट हाई स्कूल सोसायटी का 83 लाख रुपये का राजस्व

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा के प्रशासक रहते हुए जाट हाई स्कूल सोसाइटी की कई बड़ी उपलब्धियां रहीं। इसमें संस्थान के राजस्व में 83 लाख रुपये की बढ़ोतरी सहित कई उपलब्धियां शामिल हैं। संस्थान में कार्यभार सौंपते समय अपने संबोधन में एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि उनके छह माह के कार्यकाल के दौरान उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। संस्थान को बुजुर्गों ने मेहनत करके यहां पहुंचाया। उन्हें खुशी है कि शिक्षण संस्थान में सेवा का अवसर मिला। इस दौरान कुछ चुनौतियां भी आईं, लेकिन संस्थान हित में कड़े फैसले लिए। उन्होंने बताया कि प्रतिमाह 38 लाख रुपये की राशि का वेतन व अन्य खर्च के बावजूद संस्था के राजस्व में 83 लाख रुपये की वृद्धि हुई है। संस्था के चुनाव के दौरान डिफाल्टर ऋणियों से विभिन्न माध्यमों से राजस्व की प्राप्ति हुई। कई सरकारी विभागों को भी राजस्व की प्राप्ति हुई। इसमें शहरी निकाय विभाग 1,44,178 रुपये की राशि की रिकवरी हुई। वहीं बिजली विभाग में 7,07,391 रुपये, पैक्स के ऋणियों से 18,40,900 रुपये की रिकवरी हुई है। इसके अतिरिक्त चुनाव सहित संस्था के अन्य सभी कार्यों को सूचारू रूप से पूर्ण करवाया और शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न करवाते हुए संस्था का कार्यभार दो जून 2025 को नई कार्यकारिणी को सौंप दिया।

### सांसद की दूरदर्शी सोच, गांव-गांव तक पहुंच रही सुविधाएं काबिलेः तारीफ : निधि मोहन

**पूंडरी।** बीजेपी नेत्री निधि मोहन ने सांसद नवीन जिंदल की जनहितकारी सोच और सतत प्रयासों की सराहना करते उन्हें धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि नवीन जिंदल का ग्रामीण और युवा केंद्रित दृष्टिकोण वास्तव में काबिल-ए-तारीफ है और वह समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं। नेत्री निधि मोहन ने बताया कि लंबे समय से सांसद नवीन जिंदल के नेतृत्व में क्षेत्र में निःशुल्क मेडिकल वैन सुविधा, आधार कार्ड और परिवार पहचान पत्र संबंधी सुधार कार्य, और गांव-गांव जाकर नागरिकों तक सुविधाएं पहुंचाने का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। यह एक प्रशंसनीय और संवेदनशील पहल है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अब सांसद जिंदल की सोच युवा वर्ग के भविष्य निर्माण की दिशा में भी सक्रिय हो चुकी है। युवा बच्चों के लिए नई योजनाएं और सुविधाएं तैयार की जा रही हैं, जिससे उन्हें शिक्षा, करियर और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलेंगे। निधि मोहन ने कहा कि आज क्षेत्र में विकास और सेवा के जो कार्य हो रहे हैं, वे सांसद नवीन जिंदल की दूरदर्शी सोच और जमीनी स्तर की समझ का परिणाम हैं।

**सूचना**

हम, रेखा देवी पत्नी जगबीर सिंह व जगबीर सिंह पुत्र श्री सन्तराम निवासी मकान नंबर 1063/A, हाउसिंग बोर्ड, जींद, जिला जींद, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारी पुत्री स्वीटी हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप


गौशाला के पास जींद रोड पर पड़ी गंदगी का दृश्य।

### गोशाला के पास सड़क पर कूड़े के ढेर लगे

**राजौंद।** राजौंद शहर के वार्ड नंबर 6 में जींद रोड पर स्थित केशव राघव गौशाला के पास सड़क पर कूड़ा करकट के ढेर लगे हुए हैं। कोई उठाने वाला नहीं है गंदगी पूरे चर्म पर है बहुत बुरा हाल है हालात यह की वहां से गुजरना भी मुश्किल है। इतना ही नहीं गौ शाला के साथ लगते तालाब में गंदगी पूरी भर चुकी है काफी लंबे समय से इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस बारे वार्ड निवासी प्रकाश, सुरेश, सुंदर,अमन बबलू, नरेश, बाला, प्रमोद राणा, अजय राणा ने बताया यहां गौशाला में कई कार्यक्रम भी होते हैं और साथ ही जहां लड़कियों का स्कूल भी है विश्व से तालाब के साथ-साथ सड़क किनारे पड़ी गंदगी ने सब की नाक में दम किया हुआ है। गंदे पानी से आने वाली दुर्गंध से सभी परेशान हैं।

### पटाखों के निर्माण व बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लागू

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सरकार के आदेश एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालन में जिला में पटाखा प्रतिबंध को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। यह प्रतिबंध एनसीआर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों में पूरे वर्ष पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन सहित) तथा उपयोग पर पूर्णतः लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर गठित समिति की अध्यक्षता जिला उपायुक्त करेंगे। जिसमें पुलिस, अग्निशमन, नगर निगम, उद्योग, शिक्षा, विस्पफोटक सुरक्षा विभाग, सूचना और विधिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सदस्य होंगे। जिला प्रशासन जनता से अपील करता है कि वे इस प्रतिबंध का पूरी तरह पालन करें और नियमों का उल्लंघन न करें।

### पब्लिक हेल्थ विभाग को मिलीं 2 नई जेटिंग मशीनें

**पूंडरी।** क्षेत्रवासियों के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। विधायक सतपाल जांबा के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट को दो नई जेटिंग मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। इन मशीनों के आने से अब सीवरेज सफाई कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आएगी, जिससे क्षेत्र में साफ-सफाई और स्वच्छता की व्यवस्था और भी बेहतर हो सकेगी।
विधायक सतपाल जांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र की जनता को एक साफ-सुथरा, स्वस्थ और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर जनसमस्याओं को प्राथमिकता देते हुए इस प्रकार के कार्य आगे भी जारी रहेंगे। क्षेत्र के नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया है और विधायक का आभार जताते हुए इसे एक जरूरी कदम बताया है। इसके साथ ही जेटिंग मशीनों की मदद से जाम पड़ी नालियों और सीवर लाइनों की नियमित सफाई संभव होगी, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी।

### अर्जुन स्टेडियम में दो दिवसीय जिला अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता

# ग्रीको रोमन कैटेगरी के 41 से 45 किलोभार वर्ग में अर्जुन प्रथम

- 48 किलोभार वर्ग में शिवम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दो दिवसीय जिला अखाड़ा कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को अर्जुन स्टेडियम में हुआ। मुख्यातिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने शिकरत की। उन्होंने खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कुश्ती प्रदेश का प्राचीन खेल है। कुश्ती में हरियाणा प्रदेश के खिलाडिय़ों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। आज लड़कियां भी लडक़ों के समान खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। क्रिकेट, बैटमिंटन, कुश्ती जैसे खेल में भी लड़कियों ने अपनी विशेष पहचान बनाई है। खेल से विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। हुड्डा ने कहा कि दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 400 से ज्यादा महिला और पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।


जींद। कुश्ती में दांव-पेच दिखाते हुए खिलाड़ी।

**लड़कियां भी छाईं**
वहीं लड़कियों की अंडर-17 आयु वर्ग की फ्री स्टाइल कैटेगरी की 36 से 40 किलोभार वर्ग की प्रतियोगिता में प्राची प्रथम, 43 किलोभार वर्ग में गीतांजलि, 46 किलो वर्ग में पूजा, 53 किलो वर्ग में अंशुल, 57 किलो वर्ग में खुशी, 61 किलो वर्ग में निशु, 65 किलो वर्ग में मंजू और 69 किलो वर्ग में निशा ने प्रथम स्थान हासिल किया।

#### पहले दिन के यह रहे परिणाम

जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि मंगलवार को हुई प्रतियोगिता में ग्रीको रोमन कैटेगरी के 41 से 45 किलोभार वर्ग में अर्जुन प्रथम, 48 किलोभार वर्ग में शिवम, 51 किलोभार वर्ग में सन्नी, 55 किलोभार वर्ग में हिमांशु, 60 किलोभार वर्ग में सौरभ, 65 किलोभार वर्ग में अनिकेत, 71 किलोभार वर्ग में विनीत, 80 किलोभार वर्ग में जतिन लाठर और 92 किलोभार वर्ग में लक्ष्य ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंडर 21 आयु वर्ग में 55 किलोभार वर्ग में मोहित ने प्रथम, 60 किलोभार वर्ग में सूरज, 63 किलोभार वर्ग में जगमीत रेढ़ू, 67 किलोभार वर्ग में सक्षमए 72 किलोभार वर्ग में निखिल, 77 किलोभार वर्ग में धीरज मलिक, 87 किलोभार वर्ग में सागर ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-17 आयु वर्ग के फ्री स्टाइल कैटेगरी की 41 से 45 किलोभार वर्ग में नवीश ने प्रथम, 48 किलोभार वर्ग में अमन, 51 किलोभार वर्ग में प्रतीक, 55 किलोभार वर्ग में हर्ष, 60 किलोभार वर्ग में साहिल, 65 किलोभार वर्ग में यश, 71 किलोभार वर्ग में हर्षित, 80 किलोभार वर्ग में विक्रांत और 110 किलोभार वर्ग में अक्षय देशवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# समाज सेवा के महोत्सव के रूप में मनाया रणदीप सुरजेवाला का जन्मदिन

- रक्तदानए भंडाराए ठंडे पानी की छबीलएगौ सेवा और मरीजों को फल वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना


रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिन पर केक काटते हुए।

सांसद एवं कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला का जन्मदिन पर नरवाना में जनता में एक नए उत्साह का संचार देखने को मिला। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा इस बार सुरजेवाला के जन्मदिन को समाज सेवा के महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह ही सुरजेवाला परिवारजनों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान लगाए गए शिविर में 165 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। सभी परिवारजनों ने रणदीप सुरजेवाला जी की दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद चौधरी बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला जगरूप सुरजेवाला जी और मंजीत सिंह सुरजेवाला, विक्रम सुरजेवाला ने अन्य कार्यकर्ताओं समेत गौशाला में गायों को चारा और गुड़ खिलाने पहंचे। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य सतबीर दबलैन ने भी नागरिक अस्पताल नरवाना में मरीजों को फल वितरित किए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला ने वहां उपस्थित कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और केक काटकर सभी को शुभकामनाएं दी।


नरवाना। रक्तदान करते हुए कार्यकर्ता।

नगर परिषद के पूर्व प्रधान भारतभूषण गर्ग, सुशील कौशिक और अन्य साथियों ने भगत सिंह चौंक पर छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। नगर परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन राजू प्रजापत ने पटेल नगर में गन्ने के जूस की छबील लगाकर राहगीरों को गन्ने का जूस पिलाया। युवा कांग्रेस के हलका प्रधान अभिषेक नैन कान्हाखेड़ा ने भी गरीब बस्तियों में खाद्य वस्तुए वितरित की।

### नवोदय विद्यालय में छठी में दाखिले 29 जुलाई तक

**कैथल।** जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्य सुचिता गुप्ता ने बताया कि जिला के गांव तितरम स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश पाने के लिए आगामी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन आगामी 13 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। विद्यार्थी जिस जिले के मूल निवासी हैं और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उसी जिले में मान्यता प्राप्त स्कूल से पांचवी कक्षा का अध्ययन किया होना चाहिए, जहां जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित हैं और वो उस नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं। प्रत्येक कक्षा में पूर्ण शैक्षणिक सत्र का अध्ययन किया हो और मान्यता प्राप्त स्कूल से कक्षा 3 और 4 उत्तीर्ण की हो और जन्म तिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होनी चाहिए।

# पीड़ित परिवारों से मिले अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन

- किशोरों के डबल मर्डर मामले में पुलिस कार्रवाई की जानकारी ली
- परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही उनकी समस्याएं जानीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला व सदस्य रवि तारांवाली ने मंगलवार को बरटा गांव में गत दिनों हुए डबल मर्डर मामले में पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। आयोग ने परिजनों को घटना पर सांत्वना दी। साथ ही इस मामले में अब तक पुलिस-प्रशासन की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी ली। परिजनों ने पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई पर पूरी तरह से संतुष्टि जताई। जिस पर आयोग ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।


कैथल। हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला व सदस्य रवि तारांवाली डबल मर्डर मामले में पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात करते हुए।

बरटा में परिजनों से मुलाकात के बाद लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में मीडिया से बातचीत में आयोग चेयरमैन रविंद्र बलियाला ने कहा कि बरटा में एक दुखद घटना हुई है। जिसमें दो नाबालिगों का मर्डर हुआ था। इस मामले में आयोग ने संज्ञान लेते हुए मंगलवार को गांव में जाकर परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही उनसे उनकी समस्याएं जानीं। आयोग को परिजनों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारियां की हैं। साथ ही जिला प्रशासन ने पीड़ित परिजनों को समय पर सांत्वना राशि मुहैया करवाई है। इसके अलावा भी पुलिस-प्रशासन ने इस घटना में हर तरह से सहयोग किया है। जिस कारण परिजन पुलिस व सिविल प्रशासन की अब तक की कार्रवाई से पूरी तरह से संतुष्ट नजर आए।

#### समय-समय पर संज्ञान लेता है आयोग

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जहां-जहां भी अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों पर अत्याचार की बात सामने आती है, वहां हरियाणा सरकार द्वारा समय पर कार्रवाई की जा रही है। आयोग समय-समय पर संज्ञान लेकर घटनाओं की जानकारी लेता है। हरियाणा में इस मामले में संतोषजनक जवाब मिला है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को आयोग के पास अपनी शिकायत देनी है तो वह पंचकूला स्थित मुख्यालय में अपनी शिकायत दे सकता है। आयोग के सदस्य रवि तारांवाली ने कहा कि हरियाणा सरकार अनुसूचित जाति कल्याण के मामले में पूरी तरह से संवेदनशील है। इसी कारण पुलिस-प्रशासन द्वारा समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी सीमा ने विभाग की ओर से सांत्वना राशि देने के साथ-साथ अब तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

# पांच जून को रोपे जाएंगे हजारों पौधे

- पांच जून को व्यापक स्तर पर चलेगा वृक्षारोपण का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पांच जून को हरियाणा सरकार का वन एवं वन्य जीव विभाग पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को जोर-शोर से मनाने जा रहा है। यह अभियान न सिर्फ पेड़ लगाने तक सीमित है बल्कि मां के प्रति प्रेम और सम्मान को प्रकृति से जोडऩे का एक सुंदर प्रयास भी है।
उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि यह एक संवेदनशील और प्रेरणादायक अभियान है। जो लोगों को पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ अपनी मां के प्रति भावनात्मक जुड़ाव को भी प्रकट करने का अवसर देता है। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम पर जरूर लगाना चाहिए। यह छोटा सा कदम पर्यावरण के लिए बड़ा योगदान बन सकता है। जिस तरह मां बिना किसी स्वार्थ के जीवन भर अपने बच्चों की रक्षा, पालन पोषण और मार्गदर्शन करती है, उसी प्रकार पेड़ भी निस्वार्थ रूप से हमें प्राणवायु, छांव, फल, फूल, जल और जीवनदायिनी ऊर्जा प्रदान करते हैं। एक हमें जन्म देती है तो दूसरा हमें जीने लायक पर्यावरण देता है।आज जब पर्यावरण संकट गंभीर होता जा रहा है, ऐसे समय में एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने का संदेश देते हैं बल्कि मां के प्रति हमारी भावनात्मक श्रद्धा को प्रकृति के साथ जोडऩे का भी अवसर देते हैं।

# लेबर चौक को लेकर शुरू की क्रमिक भूख हड़ताल

- बोले मजदूर, मांगे माने जाने तक संघर्ष जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

मजदूर एकता केंद्र;एम ई केद्ध के सदस्यों ने शहीद भगत सिंह चौक पर एकत्रित होकर असंगठित मजदूरों के लिए एक लेबर चौक बनवाने की मांग को लेकर आज से 12 घण्टे की क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की। संगठन के साथी विक्रम ने बताया कि मांगें मान जाने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान मजदूरो ने नरवाना प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।


मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए मजदूर।

साथी विक्रम ने कहा कि मजदूरों ने लगातार पिछले दो साल से लेबर चौक की मांग को लेकर सभी प्रशासनिक अधिकारियों से मिल चुके हैं, और साथ में नरवाना के विधायक श्री कृष्ण बेदी जी को भी इस बारे में अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अभी तक प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिस कारण मजदूरों ने आज से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के लिए मजबूर होना पड़ा। संगठन सदस्य कुलदीप ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के सैंकड़ों मजदूर गर्मी, सर्दी और बरसात के मौसम में यहीं सड़क पर इधर उधर भटकने को मजबूर होते हैं। एक स्थाई जगह ने होने के कारण और काम ने मिल पाने कारण पूरा दिन उन्हे इधर उधर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ता है।
संगठन के सदस्य लंबे समय से लेबर चौक की मांग कर रहे है, लेकिन प्रशासन झूठे आश्वासन दे रहा है। इस मौके पर खुशीराम, सुमित, सूबे सिंह, ज्ञानी, राजेश, बलजीतए अनूपए सोनू, संजय, दिलबाग आदि मौजूद रहे।

# पशुओं समेत धरने की चेतावनी से जागा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव थुआ निवासी खेतों में रहने वाले दो परिवारों के मंगलवार को नगूरां निगम प्रागंण में पशुओं समेत धरने की चेतावनी के बाद नगूरां बिजली निगम एसडीओ आन्नद कुमार ने पीड़ितों तथा आरोपी पक्ष के बीच खेत में आयोजित पंचायत के माध्यम से मध्यस्थता करवा मामले का पटाक्षेप कर दिया है। दोनों पक्षों में समझौता होने के बाद निगम ने खेतों में बिजली के लिए पोल लगाने का काम शुरू कर दिए। पोल लगने के बाद पीड़ित परिवारों को


अलेवा। थुआ के खेतों में आयोजित पंचायत में दोनों पक्षों से बातचीत करते निगम एसडीओ आनंद कुमार।

आखिरकार 11 साल बाद निर्बाध रूप से बिजली मिलनी शुरू हो जाएगी। बतातें चलें कि नगूरां बिजली निगम एसडीओ को दी शिकायत में थुआ निवासी चरण सिंह और वजीर के परिवार ने बताया था कि 2014 में बिजली निगम नगूरां में खेतों में बिजली के लिए बिजली मीटर सिक्योरिटी जमा करवाई थी। उस समय तो निगम ने बिना एस्टीमेट के ही बिजली मीटर लगाकर पड़ोसी के ट्रांसफार्मर से लकडिय़ों की बल्ली के सहारे बिजली उपलब्ध करवा दी। लेकिन उसके कुछ दिन बाद पड़ोसी ने भी उनके ट्रांसफार्मर से उनकी बिजली की केबल काट दी। जब मामले को लेकर निगम एसडीओ को अवगत करवाया तो निगम एसडीओ ने बिजली मीटर सिक्योरिटी दुबारा भरने तथा एस्टीमेट बनाने की बात कही। उनके द्वारा दुबारा से निगम की सारी शर्तें पूरी कर दी, लेकिन जैसे ही जेई ने उनके खेतों में साथ लगते दूसरे ट्रांसफार्मर से उनके घर तक 28 मई को बिजली के पोल खड़े करने शुरू किए तो दूसरे पक्ष ने ट्रैक्टर से बिजली सप्लाई के लिए लगे तीन पोलों को तोड़ दिया। मंगलवार को पशुओं समेत धरने की चेतावनी के बाद एसडीओ ने मौके पर समझौता करवाया।

#### पोल लगाने शुरू : एसडीओ

बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आनंद कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष तथा दूसरे आरोपी पक्ष के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया था। जोकि मंगलवार को एक पंचायत के माध्यम से दूर हो गया। निगम प्रशासन ने बिजली सप्लाई के लिए खेतों में पोल लगाने शुरू कर दिए हैं। जल्द ही पीड़ित पक्ष को बिजली उपलब्ध करवा दी जाएगी।

# वेदांता स्कूल के हिमांशु ने जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त कर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज. नरवाना



- चेयरमैन रवि श्योकंद ने हिमांशु की सफलता पर खुशी जताई

वेदांता इंटरनेशनल स्कूलए कलौदा खुर्द में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रतिभाशाली छात्र हिमांशु पुत्र नरेंद्र ने जेईई एडवांस परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया रैंक 9408 हासिल कर विद्यालयए सफलता प्राप्त कर विद्यालयए परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया और परिवार और सम्पूर्ण क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले हिमांशु ने जेईई प्री परीक्षा ;मेनद्ध भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की थीए जिससे उनकी लगनए आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत का प्रमाण मिलता है। इस गौरवपूर्ण क्षण पर विद्यालय की प्राचार्या वीना डारा ने हिमांशु के माता.पिता को बधाई देते हुए कहाए हिमांशु ने यह सिद्ध किया है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर प्रयास से कोई भी ऊँचाई पाई जा सकती है। यह सफलता न केवल हिमांशु की हैए बल्कि पूरे विद्यालय परिवार की मेहनत और समर्थन की भी जीत है। यह उपलब्धि हिमांशु की कड़ी मेहनतए अनुशासन और अटूट समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने न केवल अपने माता.पिताए बल्कि पूरे विद्यालय परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। हिमांशु गर्ग ने बताया वह इंजीनियरिंग करना चाहता है। हिमांशु ने बताया कि वह 8 से 10 घंटे पढ़ाई करता था आगे इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में पढ़ाई करना चाहता है।

# एडीसी ने किया ड्रेनों का औचक निरीक्षण अधिकारियों को दिए जल्द सफाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने मंगलवार को ग्योंग लिंक ड्रेन, कैथल जगदीशपुरा व उझाना ड्रेन, कैथल कुतुबपुर, दीवाल व फ्रांसवाला लिंक ड्रेन, ओल्ड मानस लिंक ड्रेन, मागो माजरी लिंक ड्रेन व गांव देवीगढ़ में ड्रेनों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई ड्रेनो के अंदर खरपतवार, घास, कूड़ा करकट व जलखुम्बी पाई गई। कई जगह पर ड्रेनों पर चल रहे कार्य की गति धीमी पाई गई। जिस पर संज्ञान लेते हुए एडीसी ने मौके पर ही उपस्थित नहरी विभाग के कार्यकारी अभियंता व उपमंडल अभियंता को निर्देश दिए कि वे स्वयं भी सभी ड्रेनो का साप्ताहिक निरीक्षण करें।



### बाल वाटिका से पहली कक्षा तक के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने का उद्देश्य

# एफएलएन के तहत कक्षा इंचार्ज को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाल वाटिका से पहली कक्षा तक के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से एफएलएन के तहत कक्षा इंचार्ज को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिलेभर में 424 प्राथमिक राजकीय स्कूल हैं। प्रत्येक स्कूल से बालवाटिका व पहली कक्षा के इंचार्ज को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण को लेकर 40-40 शिक्षकों का बैच बनाया गया है। तीन जून को शुरू हुए पहले बैच में नरवाना में पांच और सफीदों में तीन बैच में 320 शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई है। पांच दिन तक यह ट्रेनिंग चलेगी। वहीं बुधवार को जींद और उचाना ब्लॉक के शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। गौरतलब है कि बतां दे कि प्राथमिक कक्षा में निपुण हरियाणा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्राथमिक कक्षा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर कार्य किया जा रहा है। निपुण हरियाणा के तहत रोचक तरीके से पढ़ाने को लेकर प्रिंट रिच गतिविधियां भी शामिल हैं।



#### विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने में मिलेगी मदद

*एफएलएन जिला कोऑर्डिनेटर राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिले के प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया है। एफएलएन के तहत जिले के प्राथमिक स्कूल व बालवाटिका के इंचार्ज को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने में मदद मिलेगी।*